<u>*प्रेस विज्ञप्ति जनपद देवरिया*</u>

<u>*दिनांक 05.01.2025*</u>

<u>*थाना श्रीरामपुर पुलिस टीम द्वारा हत्या की घटना का अनावरण करते हुए 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त आला कत्ल बरामद*</u>

पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री विक्रान्त वीर द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं गंभीर धाराओं में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में दिये गये निर्देश के क्रम में श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक महोदय देवरिया दक्षिणी व क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी महोदय के कुशल पर्यवेक्षण में निरीक्षक श्री कल्याण सिंह सागर थाना श्रीरामपुर जनपद देवरिया के नेतृत्व में थाना श्रीरामपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 02/2025 धारा 103(1) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट में वांछित अभियुक्त रामईश्वर राजभर उर्फ भुटेली राजभर पुत्र चन्देश्वर राजभर साकिन-डुमराहर बुजुर्ग थाना दरौली जनपद सिवान बिहार को मुखबिर की सूचना पर थाना श्रीरामपुर क्षेत्रान्तर्गत बंकुल पूल के पास गिरफ्तार किया गया एवं अभियुक्त की निशानदेही पर जगदीश बनकटा गांव के पास सरसों के खेत घटना में प्रयुक्त एक अदद तलवार(आलाकत्ल) बरामद करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

<u>*घटना का संक्षिप्त विवरण-*</u>

मृतक शिवाजी पुत्र कन्हैयालाल अभियुक्त रामईश्वर राजभर की पत्नी इन्दू देवी के साथ पढ़ता था एवं मृतक शिवाजी उपरोक्त का इन्दू देवी के साथ प्रेम प्रसंग था। इन्दू देवी की शादी अभियुक्त रामईश्वर राजभर के साथ हो जाने के बावजूद भी मृतक शिवाजी इन्दू देवी से बात चीत करता रहता था एवं मिलता जुलता रहता था जब यह बात अभियुक्त रामईश्वर राजभर को पता चली तो उसे बहुत ही नागवार व शर्मींदगीपूर्ण लगा अभियुक्त रामईश्वर राजभर द्वारा मृतक शिवाजी को कई बार समझाया बुझाया भी गया फिर भी वह नही माना अन्त में अभियुक्त रामईश्वर राजभर ने मृतक शिवाजी की हरकतों से तंग आकर दिनांक 03.01.2025 को शायं 07 बजे ग्राम बनकटा जगदीश के किनारे सुनसान स्थान पर मौका पाकर धारधार तलवार से मारकर हत्या कर दी गयी।

इस प्रकार अभियुक्त की गिरफ्तारी व आलाकत्ल की बरामदगी से थाना श्रीरामपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 02/2025 धारा 103(1) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट का सफल अनावरण किया गया।

<u>*गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण</u>–*

01. अभियुक्त रामईश्वर राजभर उर्फ भुटेली राजभर पुत्र चन्देश्वर राजभर साकिन-डुमराहर बुजुर्ग थाना दरौली जनपद सिवान बिहार उम्र करीब 32 वर्ष

<u>*गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण</u>–*

01. प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह सागर थाना श्रीरामपुर जनपद देवरिया
02. उ0नि0 बलराम सिंह थाना श्रीरामपुर जनपद देवरिया
03. हे0का0 बृजेश विश्वकर्मा थाना श्रीरामपुर जनपद देवरिया
04 हे0का0 शहनवाज अली थाना श्रीरामपुर जनपद देवरिया
05. हे0का0 मुकेश शाह थाना श्रीरामपुर जनपद देवरिया
06. हे0का0 मुकेश कुमार यादव थाना श्रीरामपुर जनपद देवरिया